_/_/_

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.

Date-  Class- V
Subject- Hindi Language  Page-1
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

पुस्तक - भाषा किरण - 5
उपविषय - प्रत्यय

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ 'प्रत्यय' कक्षा पाँचवी की हिन्दी व्याकरण का है। यह पाठ आपको 10 अक्तूबर, 2022 को भेजा जाएगा। बच्चो! आज इस पाठ में मैं आपको 'प्रत्यय' के बारे में समझाऊँगी।

बच्चो! प्रत्यय वे शब्द हैं जो दूसरे शब्दों के अंत में जुड़कर, अपनी प्रकृति के अनुसार, शब्द के अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं। प्रत्यय शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है- प्रति + अय। प्रति का अर्थ होता है 'साथ में, पर बाद में' और अय का अर्थ होता है 'चलने वाला', अत: प्रत्यय का अर्थ होता है साथ में परन्तु बाद में चलने वाला। जिन शब्दों का स्वतंत्र अस्तित्व नहीं होता वे किसी शब्द के पीछे लगकर उसके अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं।

प्रत्यय का अपना अर्थ नहीं होता और न ही इनका कोई स्वतंत्र अस्तित्व होता है। प्रत्यय अविकारी शब्दांश होते हैं जो शब्दों के बाद में जोड़े जाते हैं।

जैसे :-
समाज + इक = सामाजिक
सुगंध + इत = सुगंधित
भूलना + अक्कड़ = भुलक्कड़
मीठा + आस = मिठास
लोहा + आर = लुहार

Date-　　　　　　Class- V
Subject- Hindi Language　　　Page-2
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

इस प्रकार
वे शब्दांश जो किसी शब्द के अंत में जुड़कर उनका अर्थ बदल देते हैं, उन्हें प्रत्यय कहते हैं।
बच्चो! प्रत्यय के दो भेद होते हैं।

- कृत प्रत्यय
- तद्धित प्रत्यय

1. कृत प्रत्यय :- जो प्रत्यय धातु (क्रिया के मूल रूप) में जुड़कर संज्ञा या विशेषण आदि शब्दों की रचना करते हैं, उन्हें कृत प्रत्यय कहते हैं; जैसे-'भूल' धातु के साथ 'अक्कड़' प्रत्यय और 'बिछ' धातु के साथ 'औना' प्रत्यय जोड़कर क्रमश: 'भुलक्कड़' और 'बिछौना' शब्द बने हैं। कृत प्रत्यय से मिलकर बनने वाले शब्द कर्ता या कार्य करने वाले का बोध कराते हैं।

2. तद्धित प्रत्यय :- वे प्रत्यय जो संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण के अंत में लगाए जाते हैं, उन्हें तद्धित प्रत्यय कहते हैं।

बच्चो! अब मैं आपको कुछ प्रत्यय शब्द करवाऊँगी, जिन्हें आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे।

| | प्रत्यय | उदाहरण |
|---|---|---|
| 1. | वाला | सब्जीवाला, फलवाला |
| 2. | आलु | कृपालु, दयालु |
| 3. | आर | सुनार, लुहार, कुम्हार |

Date-  Class- V

Subject- Hindi Language  Page-3

Subject Teacher- Ms. Roma Rani

| | | |
|---|---|---|
| 4. | आऊ | बिकाऊ , टिकाऊ |
| 5. | ईला | चमकीला , रंगीला |
| 6. | आहट | चिल्लाहट , घबराहट |
| 7. | आवट | दिखावट , लिखावट |
| 8. | नी | ओढ़नी , मोरनी |
| 9. | आई | लिखाई , पढ़ाई |
| 10. | दार | चमकदार , दमदार |
| 11. | वान | धनवान , गुणवान |
| 12. | आनी | नौकरानी , देवरानी |
| 13. | ईय | राष्ट्रीय , भारतीय |
| 14. | मती | श्रीमती , बुद्धिमती |
| 15. | पन | बचपन , लड़कपन |
| 16. | आपा | बुढ़ापा , मोटापा |
| 17. | मान | बुद्धिमान , गतिमान |
| 18. | गर | जादूगर , सौदागर |
| 19. | वान | गाड़ीवान , धनवान |
| 20. | वती | ज्ञानवती , धनवती |

गृह कार्य

:- बच्चो ! आप इन सभी 20 प्रत्ययों को अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे एवं याद करेंगे।

Last page.

Scanned with CamScanner